आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 170 | उज्जैन, मंगलवार 13 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## जन्मदिवस पर पुण्य स्मरण



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

अर्थात् आत्मा को न तो कभी किसी शस्त्र द्वारा खंडित किया जा सकता है,
न अग्नि द्वारा जलाया जा सकता है। न जल द्वारा भिगोया जा सकता है,
न ही वायु द्वारा सोखा जा सकता है। आशय है यह परमात्मा का अंश है अतः सदैव अमर हैं।

**डॉ. चैतन्य वशिष्ठ**

अवतरण दिनांक 13/5/1969
प्रभु मिलन दिनाक 1/1/2021

दैनिक हिन्दकुश

# पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत ने खोला मालदीव के लिए खजाना, दी 423 करोड़ रुपये की मदद



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत ने एक मुस्लिम देश के लिए अपने खजाने से बड़ी रकम की मदद दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच अब सीजफायर होने के बाद ये मदद सुर्खियों में है।

दरअसल, भारत सरकार ने अपने समुद्री पड़ोसी मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 423 करोड़) का ट्रेजरी बिल जारी करके सहायता प्रदान की है।

मालदीव ने जताया आभार- इस मदद के बाद मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत सरकार का आभार जताया है। खलील ने इस समय पर की गई सहायता की सराहना की और कहा कि ये दोनों देशों के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाता है। एक्स पर साझा किए गए बयान में, मालदीव में भारत के उच्चायोग ने कहा कि भारत 50 मिलियन अमरीकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

SBI ने जारी किया ट्रेजरी बिल - मालदीव सरकार के अनुरोध के बाद, भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी 50 मिलियन अमरीकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है।

बता दें कि मार्च 2019 से भारत एसबीआई द्वारा ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रहा है और उन्हें सालाना, ब्याज-मुक्त रूप से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रहा है।

यह दोनों देशों के बीच दोतरफा व्यवस्था का एक हिस्सा है जो समुद्री पड़ोसी के लिए आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में कार्य करता है।

इस वर्ष की शुरुआत में भारत ने मालदीव के लिए आवश्यक वस्तुओं के निर्यात के लिए विशेष कोटा बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौता किया था, जो मालदीव की सरकार और लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दर्शाता है।

# अमेरिका के लॉस एंजेलिस में बड़ा हादसा, SUV ने बस को मारी टक्कर; एक की मौत और 32 घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में 1 की मौत और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 30 लोगों को भी काफी चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

यह हादसा लॉस एंजेलिस में रविवार को सुबह 5 बजे हुआ, जब एक बस और SUV की जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद SUV आग की चपेट में आ गई और कार में मौजूद 1 शख्स की मौत हो गई।

कहां हुआ हादसा- कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस से लगभग 32 किलोमीटर दूर हेसिंडा हाइट्स में यह हादसा देखने को मिला। हाइवे पर पेट्रोलिंग करने वाले पुलिसकर्मियों के अनुसार बस से टकराते ही SUV आग के गोले में तब्दील हो गई।

बस में सवार एक यात्री जो रनल ने बताया कि इस भीषण टक्कर के बाद हाईवे पर भयंकर जाम लग गया। कई घंटों तक गाड़ियां फंसी रहीं। टक्कर इतनी तेज थी कि मैं बस की पिछली सीट से सीधे नीचे जा गिरा। मेरे ऊपर कांच के टूटे हुए टुकड़े भी आ गिरे। हर तरफ बस लोगों की चीख पुकार सुनाई दे रही थी।

कैसे हुई टक्कर- पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि SUV अज्ञात कारणों की वजह से अपना संतुलन खो बैठी और हाइवे की दूसरी लेन पर मौजूद ट्रैवल बस से भिड़ गई। इसके बाद बस भी हाइवे के किनारे बनी रेलिगों से जा टकराई। इस हादसे के बाद स्क्रू में आग लग गई और बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया।

## गाजा पर कहर बनकर टूट रही इजरायली सेना, हवाई हमलों में 11 की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा में ताजा इजरायली हवाई हमलों में 11 लोग मारे गए हैं। मारे गए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। दूसरे बड़े शहर खान यूनिस में दो स्थानों पर टेंट में रह रहे लोगों पर हमले हुए। दोनों ही टेंटों में रहने वाले दो-दो बच्चे अपने माता-पिता के साथ मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि वह केवल हमास के आतंकियों को निशाना बना रही है। सेना का कहना है कि आतंकियों के आमजनों के बीच छिपे होने की वजह से आम फलस्तीनी निशाना बन रहे हैं। इस बीच अपने बंधक नागरिकों की रिहाई के लिए दबाव बनाने को इजरायल गाजा में खाद्य सामग्री, पेयजल, दवाएं और टेंटों की आपूर्ति रोके हुए है। दो महीने से ज्यादा से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रुके होने की वजह से गाजा में रहने वालों का बुरा हाल है।

खाने के लिए भी लूटपाट कर रहे लोग- जानकारी दें कि लोग खाने के लिए लूटपाट कर रहे हैं, दूषित पानी पी रहे हैं और दवाओं के अभाव में मर रहे हैं। सहायता समूहों ने कहा है कि गाजा में खाद्य सामग्री खत्म हो रही है और भूखे लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि हमास के कब्जे में अभी 59 बंधक हैं, लेकिन इनमें से 21 के ही जीवित होने की उम्मीद है।

## भारत के बाद अब बलूचों ने तोड़ी पाकिस्तान की कमर, 51 जगहों पर किया अटैक



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान में सीजफायर की घोषणा हो गई है। घोषणा से पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आंतकी ठिकानों को नष्ट किया था। इस ऑपरेशन में कई वांटेड आतंकी मारे गए थे। दोनों देशों में संघर्ष के बाद पाक को काफी नुकसान हुआ था।

इस बीच अब पाकिस्तान खुद अपने ही देश में घिर गया है। दरअसल, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कब्जे वाले बलूचिस्तान में 51 जगहों पर 71 हमले किए हैं। हमलों की जिम्मेदारी खुद बीएलए ने ली है। एक बयान में, बीएलए ने तख्तापलट की भी चेतावनी दी है।

BLA ने तख्तापलट की दी चेतावनी- बीएलए ने घोषणा की है कि दक्षिण एशिया में एक नई व्यवस्था अपरिहार्य हो गई है। विदेशी प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के सभी आरोपों को खारिज करते हुए, बीएलए ने खुद को क्षेत्र के उभरते रणनीतिक परिदृश्य में एक गतिशील और निर्णायक पक्ष बताया।

## परमाणु अधिकारों पर नहीं हटेंगे पीछे, ईरान की अमेरिका को दो टूक; दोनों देशों के बीच फिर होगी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। परमाणु शक्ति के इस्तेमाल के मसले पर रविवार को अमेरिका और ईरान के बीच ओमान की राजधानी मस्कट में फिर वार्ता हुई। ओमान की मध्यस्थता में दोनों पक्षों ने वार्ता को जारी रखने पर सहमति जताई है, जल्द ही वार्ता के लिए अगली तिथि की घोषणा होगी।

यह वार्ता ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के उद्देश्य से हो रही है। माना जा रहा है कि ईरान ने पिछले कई वर्षों में यूरेनियम के शोधन का जो स्तर बढ़ाया है उससे उसे परमाणु बम बनाने में मदद मिल सकती है।

इस मसले पर ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने पर बातचीत के जरिये आशंकाओं को खत्म करने की पहल की गई है। इसी के चलते रविवार को मस्कट में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकाफ के बीच चौथे दौर की वार्ता हुई।

वार्ता अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची- अरागची ने कहा, इस बार की वार्ता ज्यादा गंभीर और बिना लागलपेट के हुई। लेकिन अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। हमने अपनी-अपनी अपेक्षाओं को ज्यादा स्पष्ट तरीके से सामने रखा है। इस बीच ईरान की यूरेनियम शोधन की प्रक्रिया पूर्ववत जारी है।

जबकि वार्ता में शामिल अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ताजा बातचीत में कुछ सकारात्मक बातें सामने आई हैं, इसलिए हम निकट भविष्य में एक बार फिर साथ बैठेंगे और वार्ता करेंगे। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अबूसईदी ने दोनों देशों की वार्ता को लाभदायक बताया और इसके उद्देश्यपूर्ण होने की उम्मीद जताई है।

## खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वैन पर आत्मघाती हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत और तीन घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के हमले के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। दो दिन पहले भारत और पाकिस्तान में सीजफायर पर सहमति बनी है। इस बीच पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा से आत्मघाती धमाके की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है आत्मघाती विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी है। एसएसपी मसूद बंगश ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने पेशावर के चमकनी पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में रिंग रोड पर मवेशी बाजार के पास पुलिस की मोबाइल वैन पर हमला किया।

मुख्यमंत्री ने की हमले की निंदा- खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने हमले की निंदा की और घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। वहीं बता दें कि पिछले दिनों पाकिस्तान और भारत में तनाव चरम पर था। सबसे पहले 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, इसके जवाब में भारत ने 7 अप्रैल को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया और ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को दिया अंजाम - खास तौर से पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और एयर स्ट्राइक की, उससे पड़ोसी मुल्क को तगड़ा झटका लगा है। इंडियन आर्म्ड फोर्सेज ने पाकिस्तान के कई टेररिस्ट कैंप को टारगेट किया।

## अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ समझौते पर बनी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। टैरिफ विवाद को लेकर चीन के साथ जेनेवा में हुई बातचीत के बाद अमेरिका ने घोषणा की कि उसने चीन के साथ व्यापार समझौता कर लिया है। समझौते का विवरण अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

वार्ता से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह चीन पर टैरिफ दर को मौजूदा 145 प्रतिशत से घटाकर 80 प्रतिशत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह स्काट बी पर निर्भर करता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने बहुत महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता में अमेरिका और चीन के बीच पर्याप्त प्रगति की है।

चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ पर जमकर हुई चर्चा- अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ विवाद को लेकर जेलेवा में हो रही बातचीत रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही। दोनों पक्षों ने इस बात पर चर्चा की कि व्यापार युद्ध को कैसे कम किया जाए, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचने का खतरा है।

चीनी उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ आमने-सामने की बैठक की। यह विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा एक-दूसरे के सामान पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बैठक थी।

दोनों देशों के बीच इस हफ्ते हो सकता है व्यापारिक समझौता- शनिवार को आठ घंटे की चर्चा के बाद रविवार को जिनेवा में साढ़े तीन घंटे तक बातचीत जारी रही। रविवार को वार्ता के लिए रवाना होने से पहले बेसेन्ट ने अपने होटल में पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया था।

# भारतीय सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाया, संबित पात्रा बोले- 50 साल में जो नहीं हो सका वो इस बार हुआ



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान में सीजफायर लागू हो गया है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस दौरान भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा। सांसद संबित पात्रा ने कहा, आज भाजपा, पार्टी कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षा बलों का धन्यवाद करते हैं, जिनकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ है।

संबित पात्रा ने आगे कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम ने वादा किया था कि हम 26 लोगों की मौत का बदला लेंगे। पीएम ने कहा था कि बदला दुश्मन की कल्पना से परे होगा और ऐसा ही हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि मिट्टी में मिलाएंगे और घुस के मारेंगे हमने वही किया।आतंकी स्थल मलबे में तब्दील हो जाएं

संबित पात्रा ने आगे ये भी कहा, पीएम मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी ने सुनिश्चित किया कि आतंकी स्थल मलबे में तब्दील हो जाएं... 22 अप्रैल से 7 मई तक देश में तनाव का माहौल था, तुरंत कार्रवाई की मांग थी।

## दिल्ली-यूपी बिहार समेत इन राज्यों में बारिश के बाद अब पड़ेगी भयंकर गर्मी



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली NCR समेत देशभर में मौसम का मिजाज बदल चुका है। देश के कई राज्यों में बारिश के बाद उमस बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी कुछ राज्यों में बारिश का अनुमान है। लेकिन बारिश के बाद भयंकर गर्मी पड़ने की संभवाना है। IMD ने मौसम को लेकर लेटेस्ट अपडेट जारी किया है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने का अनुमान है। दिन भर में अगले दो दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल मौसम में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। रविवार को दिन में तेज धूप रही तो वहीं रात में मौसम सामान्य रहा।

यूपी में कैसा रहेगा मौसम- मौसम विभाग के मुताबिक, 12 से 14 मई तक प्रदेश में मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा और कुछ दिनों तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यूपी के लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर,आगरा, फैजाबाद, बरेली, आजमगढ़, अलीगढ़ में भीषण गर्मी के आसार बताए जा रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान 40-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## सीजफायर के बाद खुले देश के 32 एयरपोर्ट, भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण हुए थे बंद



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच सीजफायर के बावजूद सुरक्षाबल बिल्कुल सतर्क हैं। हालांकि अब सीमा पर हालात सामान्य होने के बाद कई एयरपोर्ट खोले जा चुके हैं। देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए तत्काल प्रभाव से खोलने का आदेश दिया गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि 32 एयरपोर्ट 15 मई तक बंद किए गए थे, जिन्हें तत्काल प्रभाव से खोला जाएगा। AAI की प्रेस रिलीज के अनुसार, 32 हवाई अड्डों को 15 मई 2025 की सुबह 05:29 बजे तक बंद रखने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, अब इन्हें तत्का प्रभाव से खोला जा रहा है।

यात्रियों से निवेदन है कि एयरलाइंस से संपर्क करके अपनी फ्लाइट चेक कर लें। अधिक जानकारी के लिए एयरलाइंस की वेबसाइट जरूर चेक करें।

32 एयरपोर्ट की इस लिस्ट में चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम भी शामिल है। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ समेत 32 एयरपोर्ट को अब नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। हालांकि विमान के समय और हाई लेवल चेकिंग के कारण उड़ान में देरी होने की संभावना है।

## सेना ने दिए पाकिस्तानी की बर्बादी के वीडियो, नूर खान और रहीमयार एयरबेस पर दिखा तबाही का मंजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीते दिन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान एयरबेस की कुछ तस्वीरें साझा की गई थीं। वहीं आज फिर सेना ने नूर खान एयरबेस और रहीमयार एयरबेस का वीडियो साझा किया है।

नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस में ब्लास्ट का वीडियो दिखाया। साथ ही उन्होंने पंजाब के रहीमयार खान एयरबेस के रनवे का भी वीडियो साझा किया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने फिर साफ किया कि भारतीय सेना का निशाना सिर्फ आतंकियों के अड्डे थे। हालांकि, आतंकियों को बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने पहले हमला किया, जिसके जवाब में यह पूरी कार्रवाई की गई।

नूर खान और रहीमयार एयरबेस का वीडियो- प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पाकिस्तानी सेना के सभी एयरबेस दिखाए, जिन्हें भारतीय सेना ने निशाना बनाया था। इसके बाद उन्होंने नूर खान एयरबेस और रहीमयार एयरबेस का भी वीडियो सामने रखा।

नूर खान में हुआ जोरदार ब्लास्ट- इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि नूर खान एयरबेस पर अचानक एक मिसाइल गिरती है, जिससे तेज धमाका होता है। इस धमाके को कई किलोमीटर तक सुना गया था। बता दें कि रावलपिंडी में स्थित नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर है। नूर खान एयरबेस में धमाके की आवाज से इस्लामाबाद भी दहल गया था।

वहीं, एयर मार्शल एके भारती ने रहीमयार एयरबेस का वीडियो भी दिखाया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित इस एयरबेस का रनवे हमले में बुरी तरह से तबाह हो कर दिया गया है। हमले की तीव्रता का अंदाजा रनवे पर बने विशाल गड्ढे से लगाया जा सकता है।

## क्या ट्रंप की वजह से मुमकिन हुआ भारत-पाक सीजफायर समझौता? शशि थरूर ने दिया सीधा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वजह से भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का समझौता हो पाया? सोशल मीडिया पर लोग लगातार ये सवाल पूछ रहे हैं। दरअसल, शनिवार शाम सीजफायर समझौते की जानकारी सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ से किया था।

उन्होंने दावा किया था कि अमेरिका की मदद से लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ने तुरंत सीजफायर पर सहमति जताई। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई और ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

वहीं, ट्रंप के दावे पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह कहना कि यह मध्यस्थता थी, बिल्कुल गलत है। अमेरिका ने दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष में एक रचनात्मक भूमिका निभाई, जिसमें वे दोनों पक्षों से संपर्क में थे। भारत ने किसी भी तीसरे देश से मध्यस्थता की मांग नहीं की थी।

शशि थरूर ने आगे कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका से सेक्रेटरी मार्को रूबियो, यूएई, ब्रिटेन और फ्रांस के विदेश मंत्रियों से लगातार संपर्क में थे। इसी तरह पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी इन देशों से संवाद कर रहे थे। ये बातचीत सामान्य कूटनीतिक प्रक्रियाएं होती हैं, जिसमें दोनों पक्षों की बातों से अवगत कराया जाता है। इसे मध्यस्थता कहना भारत की विदेश नीति का अपमान है।

पाकिस्तान के हमलों का भारत ने दिया करारा जवाब- बता दें कि शनिवार शाम भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर समझौता किया। 7 मई को भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की।

इस कार्रवाई से बौखलाकर पाकिस्तान ने भारत पर 400 से ज्यादा ड्रोन दागे। गौरतलब है कि भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी ड्रोन को मार गिराया।

## कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना कौन हैं? मिल चुका है दादा साहेब फाल्के पुरस्कार; क्यों कहा जाता वंडर वुमेन



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में देश को बताने वालीं कर्नल सोफिया कुरैशी की हर तरफ चर्चा है। भारतीय सेना की सिग्नल कोर से जुड़ी सोफिया उन दो महिला अधिकारियों में से एक थीं, जिन्होंने 7 मई को भारत के सफल सैन्य अभियान के बारे में दुनिया को जानकारी दी थी।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोफिया कुरैशी का नाम सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है और लोग उनकी बहादुरी की तारीफ कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोफिया कुरैशी की एक जुड़वां बहन भी हैं, जिन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

2018 में मिला था दादा साहब फालके अवार्ड- बहुत कम लोग जानते हैं कि कर्नल सोफिया कुरैशी की एक जुड़वां बहन शायना सुनसारा के बारे में। अब आपको शायना सुनसारा के बारे में विस्तार से बताते हैं।

कर्नल कुरैशी और शायना सुनसारा का जन्म गुजरात के वडोदरा में एक सैन्य परिवार में हुआ था।

शायना सुनसारा एक फैशन डिजाइनर, मॉडल और एक्टर हैं। उन्हें 2018 में दादा साहब फालके अवार्ड मिल चुका है।

इंस्टाग्राम पर शायना मॉडलिंग और फिटनेस से जुड़ा पोस्ट शेयर करती रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 28 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बहन कर्नल सोफिया कुरैशी का भी वीडियो शेयर किया था।

गुजरात में लगा चुकी हैं 1 लाख पेड़- शायना सुनसारा ने गुजरात में 100,000 पेड़ लगाकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की।साथ ही मिस यूनाइटेड नेशंस 2018, मिस इंडिया अर्थ वर्ल्ड पीस रह चुकी हैं।

रिश्तेदार ने बहन सोफिया की ब्रीफिंग पर दी थी जानकारी- उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने बहन की ब्रीफिंग के बारे में भी बात की। शायना सुनसारा ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब उनकी बहन ब्रीफिंग के जरिए टीवी पर लोगों को इसकी जानकारी दे रही थी, तो न उन्हें और उनके परिवार को इसके बारे में जानकारी थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण प्रतिपदा




## संपादकीय

# भारत की कूटनीतिक और राजनयिक पहल ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया...



पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए गए। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया, इसके बाद भारत की कूटनीतिक और राजनयिक पहल ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया । इसी कारण सीजफायर स्थिति बन गई और ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का निर्णय भी लिया गया। जिसे पूरा विश्व भारत की बड़ी राजनयिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मदऔर लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों पर डाली गई, जिन्हें पाकिस्तान से समर्थन मिल रहा था। इस घटना ने पूरे भारत में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। विशेष रूप से, हमले में कई नवविवाहित जोड़ों के पतियों की हत्या ने भावनात्मक रूप से देश को झकझोर दिया। एक ऐसी तस्वीर, जिसमें एक नवविवाहिता अपने पति की लाश के पास बैठी थी, उसके माथे का सिंदूर मिट चुका था और हाथों में मेहंदी के साथ खून के छींटे थे, ने पूरे देश को भावुक कर दिया।

इस हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनानी शुरू की। भारत ने इस हमले को न केवल अपनी संप्रभुता पर हमला माना, बल्कि इसे मानवीय मूल्यों के खिलाफ एक कायराना कृत्य के रूप में देखा।

7 मई 2025 की मध्यरात्रि को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसका नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था। इस ऑपरेशन का नाम इसलिए चुना गया क्योंकि पहलगाम हमले में आतंकियों ने कई महिलाओं को विधवा किया था, और सिंदूर भारतीय संस्कृति में सुहाग का प्रतीक है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त प्रयासों का परिणाम था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने सटीक और नियंत्रित हमले किये। भारतीय वायुसेना ने सुखोई-30, राफेल फाइटर जेट्स और ब्रह्मोस तथा स्कैल्प मिसाइलों का उपयोग कर बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरीदके और अन्य स्थानों पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इन हमलों में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकाने शामिल थे। भारत ने अपनी कार्रवाई को गैर-उत्तेजक रखा और किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया। यह सुनिश्चित किया गया कि हमले केवल आतंकी ढांचों तक सीमित रहें। ऑपरेशन केवल 23 मिनट में पूरा हुआ, जो भारतीय सेना की तकनीकी क्षमता और रणनीतिक योजना को दर्शाता है।

रक्षा मंत्रालय ने इसे केंद्रित, नपी-तुली और गैर-बढ़ावा देने वाली कार्रवाई बताया। हमले में जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मरकज सुभान अल्लाह, लश्कर-ए-तैयबा का मुरीद के स्थित मरकज तैयबा और अन्य ठिकाने नष्ट किए गए। ये ठिकाने 2001 के संसद हमले, 2008 के मुंबई हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी कृत्यों से जुड़े थे। अनुमानित 80-100 आतंकी इसमें मारे गए, जिसमें जैश और लश्कर के कई वरिष्ठ कमांडर शामिल थे।जिससे पूरे पाकिस्तान में हड़कंप मच गया और पूरे देश में हाई-अलर्ट जारी किया गया। पाकिस्तानी सेना और सरकार में बौखलाहट देखी गई।

# रवि शंकर



रवि शंकर संसार भर में श्रद्धेय एक आध्यात्मिक और मानववादी गुरु हैं। उन्होंने तनावमुक्त एवं हिंसामुक्त समाज की स्थापना के लिए एक अभूतपूर्व विश्वव्यापी आंदोलन चलाया है। विभिन्न कार्यकर्मों और पाठ्यक्रमों, आर्ट ऑफ लिविंग एवं इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर ह्यूमन वैल्यूज सहित संगठनों के एक नेटवर्क तथा 156 देशों से भी अधिक देशों में तेजी से बढ़ रही अपनी उपस्थिति से गुरुदेव रवि शंकर अब तक अनुमानतः 45 करोड़ लोगों तक पहुँच चुके हैं। रवि शंकर ने ऐसे अनोखे एवं प्रभावशाली कार्यक्रमों का विकास किया है, जिन्होंने व्यक्ति को वैश्विक, राष्ट्रीय, सामुदायिक और व्यक्तिगत स्तरों पर चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त , सुसज्जित और परिवर्तित किया है।

## परिचय

13 मई, 1951 में दक्षिणी भारत में जन्मे रवि शंकर अत्यंत प्रतिभा सम्पन्न चार साल की उम्र में ही वे भगवद गीता का पाठ करने में सक्षम थे और अक्सर ध्यान में लीन पाए जाते थे। उनके पास वैदिक साहित्य और भौतिकी दोनों ही डिग्रियां हैं। सन 1982 में रवि शंकर भारत के कर्नाटक राज्य स्थित शिमोगा में दस दिनों के मौन में गए और वहीं पर एक शक्तिशाली श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया का जन्म हुआ। समय के साथ सुदर्शन क्रिया आर्ट ऑफ लिविंग के पाठ्यक्रमों का केंद्र बिंदु बन गयी।

## प्रथम संस्था की स्थापना

गुरुदेव रवि शंकर ने आर्ट ऑफ़ लिविंग को एक अंतरराष्ट्रीय, गैर-लाभकारी, शैक्षिक और मानववादी संगठन के रूप में स्थापित किया। आर्ट ऑफ लिविंग के शैक्षणिक एवं आत्म-विकास के कार्यक्रम तनाव को समाप्त कर कल्याण की भावना को बढ़ावा देने वाले शक्तिशाली साधन प्रदान करते हैं। केवल किसी विशिष्ट समूह के लिये ही नहीं, बल्कि ये कार्यक्रम विश्व भर में समाज के सभी स्तर के लोगों के लिए प्रभावकारी सिद्ध हुए हैं।

सन 1997 में उन्होंने सतत विकास परियोजनाओं के समायोजन, मानवीय मूल्यों के पोषण और संघर्ष के समाधान के लिए आर्ट ऑफ़ लिविंग के साथ ही इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर ह्यूमन वैल्यूज़ की भी स्थापना की। भारत, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में, दो सह-संगठनों के स्वयंसेवक ग्रामीण समुदायों में सतत विकास का नेतृत्व कर रहे हैं, और अब तक 40,212 से भी अधिक गांवों तक पहुँच चुके हैं।

## सम्मान व पुरस्कार

दुनिया भर के कई देशों ने गुरुदेव रवि शंकर को सम्मानित किया है। कुछ देशों में शामिल हैं-

भारत - पद्म विभूषण, भारत के सर्वोच्च वार्षिक नागरिक पुरस्कारों में से एक , 26 मार्च, 2016

पेरू - नेशनल कांग्रेस ऑफ़ पेरू, लीमा द्वारा, 'डिप्लोमा डे ऑनर', 30 जून, 2015

कोलंबिया - सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ऑर्डन डे ला डेमोक्रेसीया सिमोन बोलिवर, बोगोटा, कोलंबिया, 24 जून, 2015

पैराग्वे - नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिटो डी कोमुनरोस, सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पैराग्वे, 13 सितंबर, 2012

मंगोलिया - ऑर्डर ऑफ़ द पोल स्टार, 2006, सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 2006

भारत - 1986 में भारत के राष्ट्पति द्वारा योग शिरोमणि (योग का सर्वोच्च मणि) पुरस्कार

कनाडा- ब्रांप्टन शहर, ओंटारियो, 2006 द्वारा मानवतावादी पुरस्कार

रूस - 1 जुलाई, 2011 को रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी द्वारा विश्व मानव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मानद डॉक्टरेट- रवि शंकर जी ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों से 16 डॉक्टरेट प्राप्त किए हैं-

शारदा विश्वविद्यालय, दिल्ली, 4 मार्च, 2017 को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

भारत- डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर (ऑनोरिस कॉसा), उत्कल विश्वविद्यालय, उड़ीसा, 25 अप्रैल 2013

पैराग्वे- डॉक्टरेट ऑनोरिस कॉसा, यूनिवर्सिडोन ऑटोनोमा डी असुनियन ऑफ़ पैराग्वे, 13 सितंबर 2012

अर्जेंटीना- ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय से 6 सितंबर 2012 को डिप्लोमा ऑफ ऑनर

नीदरलैंड- मानद डॉक्टरेट, न्येनरोड विश्वविद्यालय, नीदरलैंड, 15 जून 2012

हंगरी- प्रोफेसर ऑनोरिस कॉसा, ज़ेंट इस्तवान विश्वविद्यालय, बुडापेस्ट, 24 जून, 2009

दुनिया भर में सरकारों द्वारा दिए गए सम्मान

पद्म विभूषण - भारत के सर्वोच्च वार्षिक नागरिक पुरस्कारों में से एक , 26 मार्च, 2016

30 जून, 2015 को पेरू, लीमा म्युनिसिपलिटी द्वारा मानवतावादी पुरस्कार

मेडला डे ला इंटेग्रैकियन एन एल गादो डे ग्रानिकल, एंडियन पार्लियामेंट, लीमा, पेरू, 30 जून, 2015

30 जून, 2015 को लीमा में पेरू की राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा ÷डिप्लोमा डे ऑनर÷

कैलिफोर्निया विधान सभा, यूएसए से मान्यता का प्रमाण पत्र, 30 जून 2014

15 सितंबर, 2012 को पेरू, लीमा के मेयर द्वारा मोस्ट इलस्ट्रेटेड गेस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया

सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिटो डी कोमुनरोस, पैराग्वे, 13 सितंबर 2012

परागुआयन नगर पालिका द्वारा शानदार नागरिक, 12 सितंबर 2012

12 सितंबर 2012 को पराग्वे के असुनसियन शहर का शानदार अतिथि

रियो में तिरेडेंट्स पदक, रियो डी जनेरियो राज्य, 3 सितंबर, 2012 से सर्वोच्च सम्मान

विश्व चेतना पुरस्कार, भारत, 19 दिसंबर, 2011

ह्यूमन ऑफ द वर्ल्ड पुरस्कार , (रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी द्वारा दिया गया), रूस, 1 जुलाई, 2011

फीनिक्स पुरस्कार , अटलांटा, यूएसए, 2008

मानद नागरिकता और सद्भावना राजदूत, ह्यूस्टन, यूएसए, 2008

प्ररोकेलमेशन ऑफ़ कॉमेंडेशन, 2008, न्यू जर्सी

आर्किटेक्ट ऑफ वर्ल्ड पीस पुरस्कार , भारत, 2008

लाइट ऑफ ईस्ट नेशनल पुरस्कार , भारत, 2008

सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में उनके योगदान के लिए संयुक्त राष्ट सहस्त्राब्दी अभियान द्वारा सम्मानित, 2007

मार्च 2007 में ह्यूमन वैल्यूज़ वीक के रूप में उनकी यात्रा के सप्ताह की घोषणा करके वाशिंगटन डीसी शहर द्वारा सम्मानित किया गया

एमिटी यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली, 2007 द्वारा विश्व शांति और सद्भाव के असाधारण संवर्धन के लिए नेतृत्व पुरस्कार

बाल्टीमोर शहर, कनाडा, 2006 द्वारा मानद नागरिकता

2006, कनाडा के कैलगरी शहर के मानद नागरिक

कैलगरी, कनाडा, 2006 की विधान सभा द्वारा शताब्दी 2006 पदक

2006 में ओंटारियो के ब्राम्पटन शहर द्वारा मानवतावादी पुरस्कार

ऑर्डर ऑफ़ द पोल स्टार, मंगोलिया, 2006

पीटर द ग्रेट फर्स्ट ग्रेड पुरस्कार , रूस, 2006

मंगोलियाई प्रधान मंत्री पुरस्कार, मंगोलिया, 2006

संयुक्त राष्ट सहस्त्राब्दी अभियान द्वारा सम्मानित, 2007

ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन पुरस्कार , इलिनोइस, यूएसए, 2005

भारत शिरोमणि पुरस्कार, नई दिल्ली, भारत, 2004

द इलस्ट्रेटेड विजिटर्स पुरस्कार , ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना, 2004

फीनिक्स पुरस्कार , यूएसए, 2002

1997, महाराष्ट सरकार द्वारा गुरु महात्म्य पुरस्कार

येल डिवाइनिटी स्कूल, यूएसए, 1990 के सलाहकार बोर्ड के लिए नामांकित

# Q4 रिजल्ट से पहले Tata Motors के शेयर में आया उछाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा मोटर्स के शेयर्स में कई दिनों से अच्छी ग्रोथ देखी जा रही है। जबकि कंपनी द्वारा अभी तक Q4 रिजल्ट का एलान भी नहीं हुआ है। शेयर्स में हो रही इस खरीदारी का कारण आने वाले त्त4 रिजल्ट के अलावा भी कई और महत्वपूर्ण बातें भी हो सकती है।

कितना चल रहा टाटा मोटर्स का प्राइस- अभी खबर लिखते समय दोपहर 1.58 बजे टाटा मोटर्स के एक शेयर का भाव 719.20 रुपये चल रहा है। इसके शेयर में अभी 10.70 रुपये की उछाल है। वहीं इसमें 1.51 फीसदी की बढ़ोतरी आई है। ये कीमत बीएसई पर है।

7 मई को बीएसई में इसके एक शेयर की कीमत 680.5 रुपये चल रही है। वहीं 9 मई को इसका शेयर 708 रुपये पहुंच गया था।

इसके अलावा लगभग एक महीने पहले 15 अप्रैल को टाटा मोटर्स के एक शेयर का प्राइस 621 रुपये था।

NSE में कितनी है कीमत- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में भी टाटा मोटर्स के एक शेयर की कीमत 719.35 रुपये चल रही है। इसके शेयर में यहां भी 10.85 रुपये की बढ़ोतरी आई है, जो 1.53 फीसदी है।

क्यों हो रही है बढ़ोतरी- मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक Jaguar Land Rover को बड़ा फायदा होने वाला है। ये टाटा मोटर्स द्वारा खरीदा गया है। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार यूएस यानी अमेरिका और यूके के बीच बहुत जल्द ट्रेड डील हो सकती है। जिससे यूके बेस कंपनी जेएलआर को बड़ा मुनाफा होगा।

इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि इंडिया और यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे गाड़ियों में लगने वाला आयात टैक्स कम हो सकता है। वहीं ये गाड़िया फिर भारत में कम दामों पर मिलेगी।

इसके अलावा टाटा मोटर्स कल यानी 13 मई को अपने Q4 रिजल्ट का एलान करने वाला है। इससे भी निवेशकों को कई उम्मीदें हैं। इसकी वजह से भी टाटा मोटर्स में अभी खरीदारी बढ़ने लगी है।

## 5 साल में करीब 650% चढ़ा भाव, अब कंपनी के हाथ लगी बड़ी सफलता, 50 रुपये से कम भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। राठी स्टील एंड पावर के शेयरों की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली। 50 रुपये से कम की कीमत वाले इस स्टॉक का भाव बढ़ने की वजह एक सर्टिफिकेट मिलना है। कंपनी ने बताया है कि उन्हें ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से एक महत्वपूर्ण सर्टिफिकेट मिला है। यह सर्टिफिकेट मिलना कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेस में बड़ी मदद करेगा। बीएसई में सोमवार को कंपनी के शेयर 29.45 रुपये के लेवल पर खुले थे। लेकिन 9 प्रतिशत से अधिक की उछाल के बाद ये बीएसई में 30.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। 2.27 मिनट पर स्टॉक 29.99 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।

इस तेजी के बाद भी राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड के शेयर अपने 52 वीक हाई 97.81 रुपये के लेवल से 60 प्रतिशत नीचे हैं। इस 52 वीक हाई के स्तर पर कंपनी के शेयर जुलाई 2024 में पहुंच गए थे। बता दें, राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड का 52 वकी लो लेवल 24.50 रुपये है।

यह साल कंपनी के निवेशकों के लिए काफी उतार और चढ़ाव भरा रहा है। मई में अबतक यह स्टॉक 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है।

वहीं, अप्रैल के महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 7.5 प्रतिशत गिरा था। हालांकि, इससे पहले मार्च के महीने में यह स्मॉल कैप स्टॉक 25 प्रतिशत चढ़ गया था।

## सोने के दाम में ताबड़तोड़ गिरावट, 2% से ज्यादा लुढ़का



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार के दिन सोने का भाव काफी ज्यादा लुढ़का है। बीते दिनों सोने का दाम लगभग 1 लाख रुपये तक पहुंच गया था। हालांकि आज 12 मई का दिन काफी शुभ है। जहां एक तरह शेयर बाजार में पॉजिटिव ट्रेडिंग हो रही है। वहीं सोने के दाम ताबड़तोड़ गिरावट दर्ज की गई है।

अगर आप भी सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो दाम बढ़ने से पहली खरीदारी कर लें। चलिए अब सोने की कीमत जानते हैं।

एमसीएक्स में सोने का भाव अभी सुबह 10.16 बजे 2584 प्रति 10 ग्राम गिरा है। 12 मई के दिन सोने की कीमत में 2.68 फीसदी की गिरावट आई है। सुबह 10.17 बजे 24 कैरेट सोने का भाव 95,500 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं ये अब तक 93,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। वहीं 95.500 रुपये प्रति 10 ग्राम आज का हाई रिकॉर्ड है।

मसीएक्स में आज चांदी के भाव का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं हुआ है।

24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट का मतलब क्या है- आमतौर पर सोना तीन अलग-अलग कैटेगरी 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट में मिलता है। 24 कैरेट को शुद्धता के मामले में सबसे शुद्ध माना जाता है। इसमें 99 फीसदी सोना मिला होता है। जिसकी वजह से ये काफी लचीला होता है। यहीं कारण है कि इसका इस्तेमाल गहना बनाने में नहीं किया जाता।

इसके साथ ही 22 कैरेट सोने में लगभग 90 फीसदी सोना होता है। इसके अलावा इसमें अन्य धातुओं का मिश्रण मिला होता है। 22 कैरट ,24 कैरट सोने के मुकाबले ज्यादा मजबूत माना जाता है। इसी वजह से गहने बनाने के लिए 22 कैरेट का उपयोग होता है।

18 कैरेट सोना सबसे सस्ता होता है। क्योंकि इसमें 24 और 22 कैरेट के मुकाबले सबसे कम मात्रा में सोना मिला होता है। बढ़ते सोने की कीमत के समय निवेशक 18 कैरेट सोना लेना पसंद करते हैं। हालांकि इसकी शुद्धता सबसे कम होती है।

## रिटायरमेंट फंड के लिए कमाल का है फॉर्मूला, क्या होता है 4% रूल; ऐसे करें इसका इस्तेमाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिटायरमेंट प्लान जितना जल्दी किया जाए, उतना ही बेहतर होता है। रिटायरमेंट लाइफ बिना किसी परेशानी के बीते इसके लिए जरूरी है कि पहले से ही इसके लिए एकमुश्त पैसे जुटाकर रखें जाए। 4% फॉर्मूला की मदद से आप रिटायरमेंट के लिए अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

इस फॉर्मूला या रूल की सहायता से ये पता चल जाएगा कि रिटायरमेंट लाइफ के लिए कितना फंड जुटाने की जरूरत है।

क्या है 4% नियम - 4% नियम के अनुसार आपको ये बताया जाता है कि रिटायरमेंट के लिए आपको कितना फंड तैयार रखना चाहिए। या अगर आप आज ही रिटायरमेंट लेना चाहते हैं, तो आपके पास कितने पैसे होने चाहिए। लेकिन इसमें कमी है कि ये फॉर्मूला आज की महंगाई को देखते हुए कैलकुलेट किया जाता है।

जबकि आने वाले सालों में महंगाई और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इसी तरह इस नियम में कई तरह तथ्यों को शामिल नहीं किया है। अगर आप आने वाले वर्षों की महंगाई का आकलन कर पाते हैं, तो ये नियम आपके लिए मददगारी साबित हो सकता है।

कैसे होता है इसका इस्तेमाल - 4% नियम के अनुसार अगर व्यक्ति के पास सालाना खर्चे का 25 गुना या 4 फीसदी पैसा है, तो वे रिटायरमेंट ले सकता है। इस रूल के तहत 30 साल की अवधि को बेस बनाया जाता है।

## 10 रुपये सिक्का असली है या नकली, कैसे करें पता, ये है सबसे आसान तरीका



नई दिल्ली (एजेंसी)। 10 रुपये के सिक्कों में अलग-अलग समय में बदलाव होता आ रहा है। इन बदलावों के कारण लोग अक्सर कंफ्यूज रहते हैं कि असली सिक्का कौन-सा है। लोगों में सिक्के के डिजाइन को लेकर ही उलझन रहती है। इसे लेकर आरबीआई ने भी गाइडलाइन्स जारी की है। चलिए पहले इसके बारे में बात करते हैं।

आरबीआई ने 2017 में एक प्रेस रिलीज की थी। जिसमें उन्होंने 14 अलग-अलग डिजाइन की बारें बात करी है। जो वे 2017 तक लॉन्च कर चुके हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने ये भी कहा कि ये अलग-अलग डिजाइन वाले सिक्के सभी असली है।

10 रुपये का सिक्का बाइ-मैटेलिक है, जिसका मतलब हुआ कि ये दो अलग-अलग धातु मिलाकर बनाया जाता है। नकली सिक्का का वजन बहुत हल्का या भारी हो सकता है। वहीं अगर आप असली सिक्के को किसी चीज पर जोर से मारते हैं, तो आपको आवाज सुनाई देगी। वहीं अगर नकली सिक्के को किसी चीज पर मारा जाता है, तो इसे खोखली सी आवाज सुनाई देगी। वहीं निकली सिक्के के रंग और आकार से भी आप इसका पता लगा सकते हैं। लेकिन हम डिजाइन को लेकर हमेशा मार खा जाते हैं।

कैसे करें डिजाइन से असली सिक्के की पहचान- वैसे तो आप आरबीआई द्वारा प्रेस रिलीज में जारी किए गए 14 अलग-अलग डिजाइन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन ये अपडेट 8 साल पहले की है। अगर आपको अपडेट जानकारी चाहिए, तो कॉल के जरिए भी पता लगाया जा सकता है।

असली सिक्के की पहचान के लिए आपको रिजर्व बैंक के टोल फ्री नंबर 14440 पर कॉल करना होगा। आपके द्वारा कॉल लगाते ही वे कट जाएगा। जिसके बाद आपको आईवीआर से तुरंत एक कॉल आएगा। इस कॉल के माध्यम से आपको असली सिक्के के बारे में बताया जाएगा।

मौजूदा समय में सबसे बड़ी करेंसी 500 रुपये की है। इसके अलावा 10,20,50,100 के नोट भी अवेलेबल है। पहले सरकार द्वारा 1000 और 2000 के नोट जारी किए गए थे। जिसे अब बंद कर दिया गया है। क्योंकि ज्यादा बड़ी करेंसी के जरिए धोखाधड़ी या भष्टाचार होने का खतरा ज्यादा बढ़ता है।

## ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयर 3 दिन में 37% उछले, 500 रुपये पहुंच गया शेयर का दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी के शेयरों में लगातार तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। ड्रोन कंपनी के शेयर 3 दिन में 37 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर सोमवार को क्ष्म्स्थ में 7 पर्सेंट से ज्यादा चढ़कर 500 रुपये पर पहुंच गए। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 864.10 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 301 रुपये है। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी का मार्केट कैप 2070 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी के शेयर पिछले तीन ट्रेडिंग सेशंस में 37 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। ड्रोन कंपनी के शेयर 7 मई 2025 को 359.20 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयर 12 मई 2025 को 500 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 23 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मरे ऊंट को देखने हाईवे किनारे जमा हो गई भीड़, तेज रफ्तार कार ने ले ली इसमें खड़े एक युवक की जान

रतलाम । महू-नीमच हाईवे पर नामली में स्थित रेलवे ओवरब्रिज व पंचेड़ फंटे के बीच सड़क पर पड़े मृत ऊंट को देखने के लिए लोग जमा हो गए। इसी बीच वहां से गुजर रही तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को टक्कर मार दी। इससे बिजली कंपनी में कार्यरत लाइनमैन (युवक) की मौत हो गई तथा एक अन्य युवक घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए वड़ोदरा (गुजरात) ले गए है।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात नामली के पंचेड़ फंटे से कुछ दूरी पर हाईवे पर सड़क पर एक ऊंट मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स भी लगवाए गए थे। कुछ लोग मृत ऊंट को देखने पहुंचे थे तथा उसके आसपास खड़े हुए थे।दोनों वहां रूके थे



वहां से गुजर रहे बिजली कंपनी के लाइनमैन 47 वर्षीय विक्रम जाट पुत्र राजाराम जाट निवासी ग्राम घटवास व किराना व्यापारी 26 वर्षीय बबलू जायसवाल निवासी ग्राम पलदूना भी वहां रूके थे।

इसी बीच रतलाम से जा रही कार (एमपी-43/सीबी-2261) ने ऊंट के पास खड़े विक्रम जाट व बबलू जायसवाल को चपेट में लेकर जोरदार टक्कर मार दी। इससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। नागिरकों व पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर विक्रम जाट व बबलू जायसवाल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां विक्रम जाट को मृत घोषित किया गया। वहीं बबलू जायसवाल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। उसे स्वजन इलाज के लिए वड़ोदरा ले गए।

एयरबैग खुले, कार क्षतिग्रस्त

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से आई थी तथा टक्कर लगने से बबलू जायसवाल करीब 25 फीट दूर जा गिरा था। वहीं कार डिवाइडर पर चढ़ कर क्षतिग्रस्त हो गई। कार के एयरबेग खुल गए थे, इस कारण कार सवारों को चोट नहीं आई। कार में कितने लोग सवार थे, यह पता नहीं चल पाया है।

हाईवे पर ऊंट कहां से आया तथा उसकी मौत कैसे हुई, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसआई केके पटेल ने बताया कि ऊंट की मौत कैसे हुई, यह पता नहीं चला है। कार जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है। सोमवार को विक्रम जाट के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उनके स्वजन को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला पुलिस अधिकारी ने निभाया मानवता का फर्ज, घायल तड़पते व्यक्ति को समय पर पहुंचाया अस्पताल



नरसिंहपुर। यातायात पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बरमान डयूटी पर जा रही थी, ममता तिवारी ने घायल व्यक्ति की जान बचाई। यातायात थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।

नेशनल हाईवे पर आने वाले ग्राम कठोतिया के टाटा मोटर्स के समीप सड़क पर खून से लथपथ घायल पड़ा व्यक्ति को वर्दीधारियों ने अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश कर उसकी जान बचाई। बता दें कि बरमान डयूटी पर जा रही यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी जब बरमान जा रही थी, इस दौरान रास्ते में नेशनल हाईवे पर एक व्यक्ति घायल अवस्था में खून से लथपथ सड़क के किनारे पड़ा हुआ दिखाई दिया।

यहां से काफी लोग निकल रहे थे और कुछ खड़े होकर देख रहे थें। लेकिन किसी ने सहायता करने का प्रयास नहीं किया। मौके पर पहुंची महिला अधिकारी ममता तिवारी ने तुरंत अपनी गाड़ी से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।

यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी ने बताया कि उस व्यक्ति के सिर में काफी चोटें थीं, तथा वह अचेत हालत में सड़क पर पड़ा था। संभवतः किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से वह घायल हुआ हैं।

होश में नहीं होने के कारण घायल, व्यक्ति का सही नाम-पता नहीं चल सका। बहरहाल खाकी वर्दी धारियों की इस मानवता के कारण समय रहते उसे अस्पताल पहुंचाने दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। पुलिस की इस मानवता की उपस्थितजनों से सराहना की।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मध्य प्रदेश की बिजली बंद करने रोज हो रहे 100 से ज्यादा साइबर अटैक

जबलपुर। मध्य प्रदेश के बिजली कंपनी के मुख्यालय से प्रदेश भर के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम पर अचानक साइबर हमले बढ़ गए हैं। ऐसा भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद हुआ है। हर दिन सौ से डेढ़ सौ बार साइबर हमले का प्रयास हुआ है।

हालांकि सुरक्षा के लिए लगे फायरवाल हर हमले को रोक कर अलर्ट कर रहे हैं। बिजली कंपनी के अधिकारी हर हमले पर नजर रखे हुए हैं और इसकी जानकारी कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम समेत अन्य जांच एजेंसियों को भेज रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों को बिजली आपूर्ति के प्रबंधन का काम स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर करता है।हमले से बचने के लिए कर रखे हैं सुरक्षा इंतजाम

कंपनी ने साइबर हमलों से बचने के लिए सुरक्षा के इंतजाम कर रखे हैं। कई तरह की फायरवाल लगाई गई हैं, ताकि कोई भी अवांछित बग सर्वर में प्रवेश न कर सके। यह ऑटोमैटिक संचालित किया जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद अचानक हमले बढ़े हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पहले जहां दो-चार साइबर हमले होते थे, पिछ्ले तीन-चार दिनों से इनकी संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम में यदि साइबर अटैक कामयाब हुआ तो ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों तक बिजली आपूर्ति करना मुश्किल हो जाएगा।

इस संबंध में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के अधीक्षण यंत्री राजेश गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने सारे सुरक्षा प्रबंध किए हुए हैं। फिलहाल हम सभी तरह के साइबर अटैक से सुरक्षित हैं। इसके पूर्व में भी स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में साइबर हमले के प्रयास हुए हैं, जिन्हें कंपनी के विशेषज्ञ नाकाम कर चुके हैं।विदेशी आईपी एड्रेस से हुए थे हमलेमध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में लगातार साइबर हमले होते रहते हैं जिसको लेकर कंपनी प्रबंधन अत्यधिक फायरवाल का इस्तेमाल करती है।

## सतना के छोटे से गांव की रहने वाली मीनाक्षी सिंह ने जीता मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब



सतना । मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक छोटे से गांव की बेटी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीता है। वे अब मिस एशिया यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मीनाक्षी मूल रूप से बिरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नयागांव की रहने वाली हैं।

उनकी मां जनपद पंचायत मझगवां के वार्ड क्रमांक 25 से जनपद सदस्य हैं साथ ही संचार संकर्म समिति में सभापति भी हैं। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। मीनाक्षी ने बताया कि वे पिछ्ले डेढ़ साल से इसे कर रही हैं, हालांकि डांसिंग और मॉडलिंग का बचपन से शौक था।शुरुआत में माता-पिता ने ये सब करने से रोका पर ठान लिया था कि इसे करना है तो करना है। इसके बाद उन्होंने मिस टीन ऐज प्रतियोगिता के लिए अप्लाई और इसके बारे में माता-पिता से चर्चा की और उन्हें सारी जानकारी दी। इसके बाद वे राजी हो गए।प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गई और जीत गई। मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और अपने टैलेंट के दम पर जीत हासिल की है, लेकिन ये चुनौती नई और अलग है, इसके लिए वे काफी एक्साइटेड और प्रिपेयर्ड है।

जानकारी के लिए बता दें कि यूएसए (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले इसके सिलेक्शन का अंतिम चरण मई के महीने में दिल्ली में आयोजित होना है। प्रतियोगिता संभवत~ चार माह बाद होगी।

इन पुरस्कारों से किया जा चुका है सम्मानित मीनाक्षी सिंह को अब तक मिस टीन ऐज (क्वीन ऑफ द हट्स), मिस टीन इंडिया व मिस टीन एमपी जैसे कई बड़े अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।

12 वीं में पढ़ रहीं मीनाक्षी

ग्रामीण परिवेश में जन्मी मीनाक्षी की प्राथमिक शिक्षा सतना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। इसके बाद वो हाई व हायर सेकंडरी की पढ़ाई अनुपम हायर सेकंडरी स्कूल भरहुतनगर सतना से कर रही हैं। इस वर्ष वे कला विषय से कक्षा 11वीं पास कर 12वीं में प्रवेश किया है।

## भोपाल के लाल बत्ती चौक पर तेज रफ्तार स्कूल बस ने मचाया कोहराम, कई वाहनों को मारी टक्कर




भोपाल । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से एक युवती की मौत की सूचना सामने आ रही है। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। स्कूल बस एक शादी समारोह से वापस लौट रही थी।

जानकारी के मुताबिक टीटीनगर थाना इलाके में रोशनपुरा स्थित विधायक भगवान दास सबनानी के आवास के सामने स्थित लाल बत्ती चौक यह हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने कार, स्कूटी और बाइक समेत करीब छह वाहनों में पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी।इसमें मौके पर ही एक वाहन पर सवार युवती की मौत हो गई। करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलने ही विधायक भगवान दास सबनानी, एसडीएम समेत पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे में दो लोगों की हालत नाजुक है।

इधर... बीआरटीएस कॉरिडोर हटा पर चौराहे का नहीं हुआ विकास

बीआरटीएस कॉरिडोर निर्माण के समय बैरागढ़ मेन रोड पर बने चौराहे को ध्वस्त कर यहां स्थापित संत कंवरराम प्रतिमा को शिव मंदिर के निकट इस शर्त पर स्थापित किया गया था कि चौराहे को विकसित किया जाएगा। हाल ही में कॉरिडोर को तो हटा दिया गया लेकिन चौराहे का विकास नहीं हो सका।

सुंदरीकरण योजना भी पूरी नहीं हो पा रही है। मेन रोड के मध्य में बने चौराहे को भोपाल विकास प्राधिकरण ने विकसित किया था। रोटरी बनाकर यहां महान संत कंवरराम की प्रतिमा को स्थापित किया गया। 2010 में बीआरटीएस कारिडोर का निर्माण हुआ।



# अहिल्या माता ने सुशासन के द्वारा जन कल्याण का मार्ग प्रस्तुत किया- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कनाड़िया में जल संरक्षण की दिलाई शपथ

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई ने सुशासन के साथ जन कल्याण के कार्य कर देश के विकास के लिये एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने देश में धर्मशालाएं, नदियों के घाट, अन्न क्षेत्र एवं मंदिर बनवाये हैं। उन्होंने बनारस एवं सोमनाथ में मंदिर भी बनवाए हैं। उनके द्वारा शुरू कराई गई महेश्वरी साड़िया आज भी प्रसिद्ध है। अहिल्या माता के स्मरण में 20 मई को इंदौर में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के कनाड़िया में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अहिल्या माता द्वारा सैकड़ों वर्ष पूर्व निर्मित बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण के लिये तालाब गहरीकरण करने श्रमदान किया और जल संरक्षण की शपथ भी



दिलाई। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश की सुरक्षा के लिये बलिदान देने वाले शहीदों को अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में हमारी सेना ने देश की सुरक्षा के लिये सराहनीय कार्य किया है और दुश्मरन को सबक सिखाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर तरक्की कर रहा है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नम्बर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की सीमा पर तैनात जवान और खेतों मे अनाज पैदा कर रहा किसान दोनों हमारे लिये एक समान है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिये निरंतर काम कर रही है। ?सिंचाई की सुविधा बढ़ाने के लिये नदी जोड़ो परियोजना पर काम किया जा रहा है। किसानों को अत्यंत कम दर पर बिजली कनेक्शन देने की व्यवस्था की गई है। किसानों को सोलर पम्पत लगाने के लिये अनुदान दिया जा रहा है। सोलर पम्प लगाकर किसान अपने लिये बिजली का उत्पादन करने के साथ ही अतिरिक्त बिजली सरकार को बेचने में सक्षम होंगे। इससे उन्हें बिजली का बिल भी नहीं देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण पर भी ध्यान दे रही है। इसी का परिणाम है कि इंदौर जिले में दो लाख 3 हजार 395 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है और 4 लाख 48 हजार 398 बहनों को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार लाड़ली बहनों के लिये राशि की कमी नहीं होने देगी।

### उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिये इंदौर में बनेगा गेस्ट हाउस - मुख्यमंत्री




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इंदौर में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेसीडेन्सी कोठी परिसर इंदौर में गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री जे. के. माहेश्वरी, न्यायमूर्ति श्री एस.सी.शर्मा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत, उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं निर्माण समिति के चेयरमैन श्री संजीव सचदेवा मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह में उच्च न्यायालय के एडमिनिस्ट्रेटिव जज श्री विवेक रुसिया,उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल श्री धर्मेन्द्र सिंह, न्यायामूर्ति श्री आनंद पाठक सहित उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति एवं एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला,श्री सुमित मिश्रा, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# द चेंजमेकर कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहभागिता

## विकास, नवाचार और जनसरोकार पर खुली चर्चा, युवाओं को मिला मार्गदर्शन

इंदौर। इंदौर में आयोजित द चेंजमेकर कॉन्क्लेव में आज मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सहभागिता कर विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। हँसी, प्रेरणा और विचारों के आदान-प्रदान से भरपूर यह आयोजन नवाचार, सुशासन और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित रहा।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि पूरा प्रदेश इंदौर जैसा बने, यही हमारी सोच है। उन्होंने जनविश्वास अधिनियम सहित कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि अब उद्योग स्थापना के लिए 29 विभागों की अनुमति की आवश्यकता नहीं रह गई है, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिली है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा फिल्म निर्माण, वेब सीरीज जैसे प्रोजेक्ट्स को पर्यटन के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है और अनुदान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में खेल स्टेडियम और हेलीपैड बनाए जा रहे हैं, पाँच रुपये में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है और जल उपयोग की दिशा में भी ठोस कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड पुनर्गठित किए गए।

### एमपीपीएससी और सीए की बड़ी परीक्षाएं शुरू



इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की कई अहम परीक्षाएं भले ही अदालतों में अटकी हुई हैं, लेकिन 18 मई से एक बार फिर से परीक्षा प्रक्रिया की शुरुआत होने जा रही है। राज्य सेवा परीक्षा-2025 सहित अन्य कई चयन सूचियां फिलहाल रुकी हुई हैं, फिर भी आयोग द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार परीक्षाएं संचालित होंगी। पहली परीक्षा 18 मई को सहायक संचालक-पशु चिकित्सा और सहायक शल्यज्ञ-2024 के लिए आयोजित की जाएगी। इसके बाद 1 जून को असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 होगी, जिसमें 16 विषयों की परीक्षा शामिल है।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025, 9 से 14 जून के बीच प्रस्तावित है, लेकिन इसकी अंतिम पुष्टि अदालत की अनुमति पर निर्भर है, क्योंकि प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम पर अभी रोक लगी हुई है। मामले में अलग से सुनवाई जारी है।

27 जुलाई को 12 अन्य विषयों के लिए सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा होगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया माँ अहिल्या बावड़ी का लोकार्पण

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में कनाडिया में स्थित माँ अहिल्या बावड़ी का लोकार्पण किया। जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार कराया गया है। जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि होलकर क़ालीन इस




बावड़ी का निर्माण लगभग 200 साल पहले देवी अहिल्याबाई द्वारा कराया गया था। यह बावड़ी वर्तमान में अत्यंत जीर्णशीर्ण दशा में थी, जिसे जीर्णोद्धार उपरांत नया स्वरूप प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्य पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि देवी अहिल्या के परोपकारी कार्य हमें आज भी प्रेरणा देते हैं।

### इंदौर में स्वामी विवेकानंद जी की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा होगी स्थापित – मुख्यमंत्री



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद जी की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा स्वामी जी की शिक्षाओं और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में संत परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उनमें से स्वामी विवेकानंद एक अद्वितीय एवं विलक्षण संत थे। उन्होंने निराकार ईश्वर के उपासक के रूप में मानवता की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। स्वामी विवेकानंदजी का मानना था कि मैं देखूंगा तो ही मानूंगा, जो उनके तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने दुर्बलता और हीनता को जीवन का हिस्सा मानने से इनकार करते हुए इसे मृत्यु के समान बताया। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है। डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक था। शिकागो धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का जीवंत उदाहरण है, जिसने विश्व पटल पर भारत की संस्कृति और अध्यात्म की गूंज पहुंचाई। उन्होंने जीवन को अंदर से बाहर की ओर विकसित करने का मंत्र दिया और कर्म को ही साधना बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंदजी के सिद्धांत और विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। यह मूर्ति स्थापना इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

# युवाओं को रोजगार देकर स्वावलम्बी प्रदेश बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता – मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्मनिर्भर बने यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि रोजगार/स्वरोजगार देकर स्वावलम्बी समाज और स्वावलम्बी प्रदेश बनाया जाये। इस दिशा में हम तेजी से लगातार आगे बढ़ रहे है। प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र। प्रदेश में रोजगार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये इंड्रस्टी कॉन्क्लेव व्यापक स्तर पर आयोजित की गई।

इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को दशहरा मैदान, इंदौर में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, श्री सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती तथा श्री सुदर्शन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोजगार मेले को मिले बेहतर प्रतिसाद की सराहना की और कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से सरकार और प्रशासन युवाओं को अवसर, मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# वातावरण शुद्धि के लिए अमोघ अस्त्र यज्ञ को गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के रूप में अपनाया

## बुद्ध पूर्णिमा पर देशभर में लाखों यज्ञों के साथ उज्जैन जिले में तीन हजार से अधिक घरों में गायत्री यज्ञ हुए



उज्जैन। यज्ञ के माध्यम से वातावरण कि विषाक्तता को मिटाया जा सकता है। इन दिनों हम चुनौतीपूर्ण, त्रासदीपूर्ण परिस्थितियों में रह रहे हैं। वातावरण की विषाक्तता, मनुष्य के अंतःकरण का अंधकार मिटाने का उपाय इस आपत्ति काल अध्यात्म है। इन दिनों अंतरिक्ष में ज्यादा अंधकार है जिससे भय और भ्रांति की स्थिति निर्मित हो रही है। अंधेरे का समाधान उससे लड़ना नहीं, प्रकाश फैलाना है। गायत्री महामंत्र प्रकाश का मंत्र है। विश्व की आधारभूत ऊर्जा गायत्री ही है। अतः अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से एक आध्यात्मिक प्रयोग के द्वारा बुद्ध पूर्णिमा को वृहद स्तर पर घर-घर में गायत्री यज्ञ का अभियान चलाकर अनायास धरती पर छाए संकट को मिटाने के लिए हृदय से प्रार्थना की गई। प्रार्थना के भाव थे हे! मां वातावरण की शुद्धि, पर्यावरण की शुद्धि एवं मनुष्य के चिंतन की शुद्धि के लिए हम यज्ञ जैसा सत्कर्म कर रहे हैं आप हमें सर्वांगीण सुचिता प्रदान करें।

गृहे गृहे गायत्री यज्ञ के बुद्ध पूर्णिमा के वैश्विक अभियान में पूरे देश में लाखों घरों के साथ उज्जैन जिले में तीन हजार से अधिक घरों में गायत्री यज्ञ आयोजन हुए। उज्जैन नगर में नानाखेड़ा क्षेत्र की अथर्व विहार, स्वाति विहार कॉलोनी में विशेष रूप से दो दिन 11 एवं 12 मई को अभियान चलाया गया। यज्ञ में गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र के साथ सैन्य-शक्ति संबर्धन के लिए विशेष मंत्र - ''? त्वया मन्यो सरथारूजन्तो, हर्षमाणा हृषितासो मरुत्वन्। तिग्मेषवआयुधा संशिशाना उप प्रयन्तु नरो अग्निरूपाः स्वाहा॥ ऋग्वेद 10/84/1।।'' से भी आहूतियां प्रदान की गईं। उज्जैन जिले में उज्जैन नगर एवं कोठी महल में 550, उज्जैन ग्रामीण 55, खाचरोद 525, बड़नगर 85, नागदा 1050, महिद्पुर 20, झारड़ा 80, माकड़ौन 500, तराना 210 घरों में गायत्री यज्ञ आयोजित हुए।

# अखिल भारतीय फिरोजिया ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकबाले में उडीसा की टीम विजेता



उज्जैन। अखिल भारतीय फिरोजिया ट्राफी 2025 मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी इनामी राशी वाली हैवी टेन्सि बॉल प्रतियोगिता में रविवार देरी रात्रि तक हुवे कड़े मुकाबले में स्ष्ष्ट उडिसा बनी 2025 की विजेता अंतिम अवर तक बना रहा रोमांच ।

सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा अपने पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया (पूर्व विधायक) की स्मृति मे स्व. श्री भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था उज्जैन द्वारा आयोजित रात्रिकालीन अखिल भारतीय फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का आयोजन दिनांक 05 से 11 मई 2025 तक किया गया। जिसके सेमिफाइनल और फाइनल मुकाबला रविवार को नगर के क्षीर सागर खेल मैदान में आयोजित किए गए। प्रथम सेमिफाइनल मुकाबला श्री राजवंश इन्दौर विरूद्ध श्री ग्वालियर एकादश के बीच खेला गया। जिसमें श्री राजवंश विजेता रहा। दूसरा सेमिफाइनल में रेड डेवल्स नोएडा (दिल्ली) विरूद्ध उडिसा के मध्य खेला गया। जिसमेंउडिसा विजेता रहा।

फाइनल मुकाबला श्री राजवंश इन्दौर (मध्यप्रदेश) विरूद्ध उडिसा के बीच हुवा। जिसमें श्री राजवंश इन्दौर द्वारा पहले बैटिंग करते हुवे 8 आवर में 76 रन तीन विकेट के नुकसान पर बनाये। जिससे उडिसा को हासिल करने में कडा मुकाबला करना पडा और मैच की अंतिम एक गेंद रहते 8 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की। दर्शकों से भरे मैदान पर हर गेद पर रोमांच बढता जा रहा था।

### अजाक्स ने भगवान बुद्ध की जयंती मनाई पुष्प अर्पित कर नमन किया



उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस मौके पर अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला सचिव राजेश सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरैना से आए अजाक्स संगठन के प्रांतीय महासचिव राजवीर अग्निहोत्री उपस्थित थे। बुद्ध पूर्णिमा पर अजाक्स ने भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण किया गया।

# मुख्यमंत्री ने किया संत श्री कंवर राम जी की प्रतिमा का अनावरण



उज्जैन। अलखधाम नगर कॉलोनी स्थित उद्यान में सिंधी समाज एवं समर्थ सेवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संत श्री कंवर राम जी की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उद्यान का नाम संत कंवर राम उद्यान रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री द्वारा उद्यान को आदर्श उद्यान बनाने के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर समर्थ संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क धार्मिक दिव्यांगजन हवाई यात्रा उज्जैन से नाथद्वारा में गए यात्रियों का सम्मान भी किया गया।

दीपक बेलानी के अनुसार समर्थ संस्था के संयोजक महेश परियानी, श्याम माहेश्वरी, दीपक राजवानी द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क इंदौर से उदयपुर हवाई यात्रा द्वारा ले जाया गया। यह देश की प्रथम दिव्यांगजन निःशुल्क यात्रा थी। जिसको गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अंकित किया गया है जिसके पुरस्कार सम्मान पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किए गए। इस यात्रा में महेश परियानी, दीपक राजवानी, कपिल बाशानी, वेद प्रकाश आडवाणी की सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन्हें सम्मानित किया।

# डॉ. आम्बेडकर बुद्ध और बुद्धत्व के प्रणेता-डॉ. स्मिता भवालकर



उज्जैन। डॉ. आम्बेडकर के चिंतन में बंधुत्व, समानता और करुणा बुद्ध दर्शन की देन है। बाबा साहेब, अप्प दीपो भव यानी अपना प्रकाश स्वयं बनो की बात ही इसीलिए करते थे, क्योंकि उन्होंने सम्पूर्ण मानव समाज को बंधुत्व का संदेश दिया। समाज को बदल डालने के वचन को उन्होंने अपना ब्रह्म वाक्य बनाया। इसके लिए बाबा साहेब ने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व का विचार दिया, जिसे शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो से पूरा किया। बाबा साहब ने बौद्ध दर्शन की आत्मा आत्म नियंत्रण प्राप्त करना सबसे बड़ी जीत है को अपना नैतिक धर्म बनाया।

आत्म विकास के लिए बंधुत्व और बंधुत्व के लिए नैतिकता ही धर्म है। बाबा साहेब महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन सामाजिक न्याय, सामाजिकता, आर्थिक न्याय के रूप में देखते थे। डॉ. आम्बेडकर का विचार था कि बौद्ध धर्म एक ऐसी विचारधारा है जो तर्कसंगत, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित है। बाबा साहब ने शिक्षित बनो का नारा दिया तो इसका मतलब शिक्षा की परिभाषा, उद्देश्य विवेकपूर्ण व्यवहार करने में मदद करती है। उक्त विचार विक्रम विश्वविद्यालय की डॉ. आम्बेडकर पीठ कृषि विज्ञान अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महात्मा बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित डॉ. आम्बेउकर ~ बुद्ध और बुद्धत्व के प्रणेता विषय पर व्याख्यान में कही।

डॉ. स्मिता भवालकर ने कहा भगवान बुद्ध त्रिपिटक सिद्धान्त सिर्फ भिक्षुओं, भिक्षुणियों के लिए ही नहीं और बुद्ध के जीवन को समझने के लिए बल्कि आमजन के लिए भी जीवन, शिक्षा, सिद्धान्तों से जुड़ा है। आवश्यकता इसे समझने की है, जिसे बाबा सहोब ने न सिर्फ समझा बल्कि इसे जीवन दर्शन का अभिन्न अंग बनाया। बाबा साहेब के जीवन का एक और मुख्य पहलू जो महात्मा बुद्ध के आष्टांगिक मार्ग से प्रेरित हैं। इसे बौद्ध धर्म की केन्द्रीय शिक्षा कहते हैं। जो सिर्फ दुख से ही मुक्ति नहीं दिलाती, बल्कि नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और ज्ञान में स्वस्थ जीवन जीने के लिए, स्वस्थ परिवार, समाज, राष्ट्र के निर्माण के लिए भी अभ्यास कराती है। सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति, सम्यक समाधि। आष्टागिक मार्ग का प्रत्येक तत्व जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जावान, सफल और प्रसन्न रखने का मूलमंत्र है।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा सिद्धार्थ से बुद्ध तक की यात्रा का विचार, चिन्तन हमारे लिए प्रेरणा है। सर्वसुविधा सम्पन्न के बावजूद उन्होंने सब कुछ छोड़कर तपस्या का रास्ता अपनाया और मानवता, नैतिकता, समानता, बंधुत्व का मार्ग विश्व मानवता के प्रशस्त किया। बुद्ध कहते हर सुबह नया अवसर है, हर दिन को नई शुरुआत के रूप में अपनाओ। अपने मन को शांति प्रदान करना सबसे बड़ा धर्म है। आत्म नियंत्रण प्राप्त करना सबसे बड़ी जीत है।

## राज्य स्तरीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन ने जीती 2 टीम चैंपियनशिप




उज्जैन। मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में रतलाम जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर महिला एवं पुरुष का आयोजन विधायक सभागृह बड़बड़ हनुमान मंदिर में 11 व 12 मई को किया गया। जिसमें उज्जैन ने 2 टीम चैंपियनशिप अपने नाम की।

उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव, ऊर्जावान सचिव कमल नंदवाना द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि लगातार दो दिवस तक चली प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से करीब 256 खिलाड़ियों ने सहभगीता की। महिला वर्ग में फर्स्ट रनर अप का खीताब उज्जैन ने अपने नाम किया। दूसरी सब जूनियर टीम चैंपियनशिप सेकंड पर उज्जैन ने अपना अधिकार सिद्ध किया। महिला वर्ग में शिवानी नागवंशी (गोल्ड मेडल), अक्षिता श्रीवास्तव (गोल्ड मेडल), अनुष्का राठौर (सिल्वर मेडल), मुस्कान राठौर (ब्राउंस मेडल) प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सावन लोट (गोल्ड मेडल), मोहम्मद शोएब खान (गोल्ड मेडल), मोहम्मद साद मिर्जा (ब्राउंस मेडल) यशवंत दायमा (सिल्वर मेडल), आदित्य नारायण पांडे (ब्राउंस मेडल) प्राप्त कर उज्जैन का नाम प्रदेश में गौरवांवित किया। स्वर्णिम अवसर पर संस्था प्रमुख बलराम यादव, शोएब कुरैशी, आनंद सोलंकी, अनिल चावंड, अभिषेक सिंह राठौर आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com